बिहार आपूर्ति सेवा संघ के अष्टम सम्मेलन में बोलीं लेसी सिंह, सरकार संघ की सभी मांगों पर करेगी गंभीरता से काम

1 day ago By Amrit Varsha

पटना। बिहार आपूर्ति सेवा संघ का अष्टम सम्मेलन पटना सिटी स्थित अवध ग्रीन्स में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह शामिल हुई। सम्मेलन में अपनी बात रखते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार संघ की सभी मांगों पर गंभीरता से काम करेगी। कोरोना काल में जब प्रदेश संकट के दौर से गुजर रहा था उस वक्त संघ के सदस्यों ने खूब काम किया और सभी लोंगों के लिए राशन को सुनिश्चित किया। मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि संघ ने बिहार में राशन आपूर्ति के क्षेत्र में कालाबाजारी को खत्म की है, जो सराहनीय है। इस अवसर पर मंत्री ने संघ की स्मारिका का भी विमोचन किया।

वहीं संघ के महामंत्री आलोक कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी मांग है कि बिहार के सभी प्रखंडों में एक पृथक आपूर्ति भवन बनाया जाए। जिसमें प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक सहायक, आपूर्ति सहायकों के लिए अलग-अलग कमरा के साथ लगभग 50 व्यक्तियों के बैठक करने हेतु एक मीटिंग हॉल भी बनाया जाए। साथ ही कार्यालय के संचलन हेतु प्रति माह पांच हजार रुपये की दिया जाए।

इसके पहले कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री लेसी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में संघ के उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, जटाशंकर, रजनीकांत, नन्द किशोर रविदास, कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री सुशील कुमार वर्मा, असलम हुसैन, मनोज कुमार, राजीव कुमार, प्रभाष प्रियदर्शी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर मेहता ने की। अष्टम सम्मेलन में संगठन के सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।